




# जय श्री राम के नारों के साथ जन्मे भगवान श्री राम





**नवभारत न्यूज**

**पन्ना,27 मार्च ।आज रामनवमी में अवसर पर भगवान श्री राम जानकी मंदिर में भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 10 बजे से ही मंदिर प्रांगण में भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी सभी को 12 बजे का इंतजार था जैसे ही 12 बजे वैसे ही जय श्री राम के नारो से मंदिर गुंजायमान हो गया।**

भये प्रकट कृपाला दीनदयाला के भजनों में लोग झूम उठे और भगवान श्री राम जानकी जी की आरती उतारी एवं पूजा अर्चना की। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम जी के जन्म होते ही मंदिर के पुजारियों ने वैदिक रीति के अनुसार उनकी पुजा अर्चना की। जन्म उत्सव के समय राज परिवार की ओर से पन्ना नरेश छत्रसाल द्वितीय, राजमाता जीतेश्वरी देवी सहित कलेक्टर पन्ना श्रीमति ऊषा परमार, प्रशासनिक अधिकारियों सहित भारी संख्या मे श्रृद्धालु उपस्थित रहकर भगवान की पूजा अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया था। वहीं, निकाली गई भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए, जहां श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। राम नवमी के इस पावन अवसर पर पूरे पन्ना जिले में हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

### निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा

चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन पर्व पर समूचा पन्ना नगर भगवामय हो गया। सभी प्रमुख मार्गो को भगवा झंडो एवं तोरण द्वारों से पाट दिया गया है। आज भगवान श्री राम जन्मोत्सव के बाद शाम 4 बजे से स्थानीय चिटाकुंआ मैदान से एतिहासिक भगवान श्री रामचंद्र जी की शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये समाचार लिखे जाने तक चल रही थी जिसका समापन श्री राम जानकी मंदिर में हुआ। जगह-जगह पर भक्तों ने भगवान श्री राम जानकी जी की पूजा अर्चना एवं आरती उतारी तथा राम भक्तों द्वारा जगह-जगह स्वल्पाहार एवं ठंडे पेय जल एवं कोल्ड ड्रिंक्स की व्यवस्था की गई। गगन भेदी पटाखों एवं अन्य आतिशबाजी से शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

### भगवान की झांकी के साथ निकला राम दरबार की झांकी



अजयगढ़/पन्ना 27 मार्च। अजयगढ चैत्र नवरात्रि में नगर में भगवा रंग से सजाया गया था जगह-जगह स्वागत गैट बनाए गए थे 9 दिन तक लोग देवी की भक्ति में लिंग रहे सुबह से ही देवी मंदिरों में भारी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही जल चढ़ाते रहे प्रसाद चढ़ाते रहे पूरा नगर देवी की भक्ति में दिन नजर आ रहा था। हर वर्ष की तरह रामलीला मैदान में राम दरबार सजाया गया था जिसमें प्रतिदिन सुबह शाम नवा पाठ किया जाता रहा शाम के समय आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते रहे जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाती रही लंबी के दिन दिन को जैसे हीं दिन को 12.00 बजे रामलीला मैदान में राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें सोवर गीत आतिशबाजी की गई उपस्थित लोग राम जन्मोत्सव पर झूमते नजर आए। रेस्ट हाउस अजयगढ़ में भगवान की झांकी सजाई गई जिसमें भगवान की मूर्तियों को सजाया गया। उसके उपरांत रेस्ट हाउस में क्षेत्रीय विधायक विजेन्द्र प्रताप सिंह तहसीलदार सुरेंद्र कुमार नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार रामनवमी के आयोजन समिति सदस्यों द्वारा सबसे पहले भगवान की आरती पूजन किया गया इसके बाद माधवगंज चल जुलूस के लिए भगवान का रथ रवाना किया गया। शाम को नगर में चल जुलूस निकाला गया जो माधवगंज से शुरू होकर जयस्तमभ चैक बस स्टैंड मंडी चैराहा कछियाना छोटा स्टैंड पुरानी कोतवाली पुरानी तहसील खौह मोहल्ला से होता हुआ रामलीला मैदान में समापन किया गया चल जुलूस का जगह-जगह स्वागत जुलूस का किया गया एवं राम दरबार की पूजा आरती लोगों द्वारा की गई चल जुलूस में नगर वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अनेक क्लास का प्रदर्शन भी जुलूस में किया गया चल जुलूस में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार सुरेंद्र कुमार जुलूस में शामिल रहे सुरक्षा के लिए नगर निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



## मोहंद्रा वन परिक्षेत्र में धनेश और हरियल पक्षियों का अवलोकन

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना,27 मार्च। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के मोहंद्रा वन परिक्षेत्र में नियमित गश्त के दौरान भारतीय धूसर धनेश एवं हरियल पक्षियों का अवलोकन किया गया।**

वनरक्षक जगदीश प्रसाद अहिरवार द्वारा इन पक्षियों के स्पष्ट चित्र मोबाइल कैमरे में कैद किए गए, जो क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं। भारतीय धूसर धनेश, जिसका वैज्ञानिक नाम व्बलबमतवे इपतवेजतपे है, भारतीय उपमहाद्वीप में पाया जाने वाला एक मध्यम आकार का वृक्षवासी पक्षी है। इसका रंग प्रमुख रूप से धूसर (ग्रे) होता है, पेट हल्का सफेद-धूसर, लंबी पूंछ तथा बड़ी काली-पीली चोंच इसकी प्रमुख पहचान है। यह मुख्यत: बरगद, पीपल, पाकर एवं बेर जैसे वृक्षों के फलों पर निर्भर रहता है। इसी प्रकार हरियल है, एक आकर्षक हरे रंग का कबूतर प्रजाति का पक्षी है। यह प्राय: ऊँचे वृक्षों जैसे पीपल, बरगद एवं गूलर पर निवास करता है और अपने सामाजिक व्यवहार तथा मधुर सीटी जैसी ध्वनि के लिए जाना जाता है। यह मुख्यत: फलों एवं पुष्पों पर निर्भर रहता है और झुंड में रहना पसंद करता है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ द्वारा इन दोनों पक्षियों को स्मेंज ोणी में रखा गया है, फिर भी वनों का अत्यधिक दोहन एवं कीटनाशकों का बढ़ता उपयोग इनके आवास एवं प्रजनन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की अनंतिम चयन सूची जारी

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना,27 मार्च । महिला एवं बाल विकास परियोजना शाहनगर कार्यालय द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पद पर भर्ती के संबंध में अनंतिम चयन सूची का प्रकाशन किया गया है। सूची का अवलोकन एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर किया जा सकता है।**

साथ ही आगामी एक अप्रैल तक पोर्टल पर ही दावा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। विकासखंड स्तरीय चयन समिति शाहनगर द्वारा आवेदनों का सूक्ष्म परीक्षण कर मेरिट सूची तैयार की गई है, जिसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्र मलघन (चितारवारा) में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए श्रद्धा दुबे, लुधगवां में रानी गौड़, रैपुरा ब में मोहनी चैधरी एवं सत्ती बंजारी रामपुर खजरी में अंकिता मिश्रा का अनंतिम चयन हुआ है। आंगनबाड़ी केन्द्र पौनिया में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए लक्ष्मी पटेल एवं हरदुआ मैमारी में ऊषा चैधरी का अनंतिम रूप से चयन हुआ है।

## स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत होगा प्रथम चरण का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 27 मार्च । राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार एक अप्रैल 2026 से नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके तहत 31 मार्च तक कक्षा एक से 8 तक सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में नामांकन पूर्ण किया जाना है। स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रथम चरण का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।**

नवीन शिक्षा सत्र में कक्षा एक से 7 में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं की कक्षा उन्नति कक्षा 2 से 8 तक शिक्षा पोर्टल 3.0 पर करने के उपरांत शत प्रतिशत नामांकन कार्यवाही पूर्ण की जाना है। जिला परियोजना समन्वयक अजय गुप्ता द्वारा इस संबंध में ब्लॉक व स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे जनसमुदाय, पालकों एवं विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा सत्र एक अप्रैल से शुरू होने की आवश्यक जानकारी मिलने के साथ विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति भी सुनिश्चित हो सके।

बुधवार, 1 अप्रैल को प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में विशेष बालसभा व प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष भोज का आयोजन भी होगा। शिक्षकों द्वारा नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा। नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण होगा। बालसभा में अभिभावकों को अप्रैल माह में छात्रों के नामांकन, उपस्थिति, छात्रों की उपलब्धि स्तर तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी नवीन शैक्षिक निर्देशों व योजनाओं जैसे नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, गणवेश, छात्रवृत्ति व साइकिल वितरण इत्यादि की जानकारी दी जाएगी।

**11 छात्रावासों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू:-** डीपीसी ने बताया कि इस वर्ष बालक-बालिका छात्रावास में कक्षा 6वीं के प्रवेश भी ऑनलाइन होंगे। जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा सभी छात्रावास वार्डनों को इस संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। जिले के तीन कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, 7 नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास तथा एक नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक छात्रावास में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू हो गई है। इस वर्ष पहली बार प्रवेश पूर्णत: ऑनलाइन माध्यम से एजुकेशन पोर्टल 3.0 हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम पर पंजीयन कर आवेदन करना अनिवार्य किया गया है। प्रथम चरण की आवेदन तिथि 30 मार्च निर्धारित है। इसके उपरांत एक अप्रैल को प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी कर पात्र छात्र-छात्राओं की सूची जारी की जाएगी। सीट रिक्त रहने पर द्वितीय चरण में प्रवेश प्रक्रिया 6 अप्रैल से 10 जून तक एवं स्क्रूटनी प्रक्रिया 12 से 14 जून तक पूर्ण कर 15 जून से चयनित छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में बीआरसी, जन शिक्षक, वार्डन एवं सहायक वार्डन द्वारा मोटिवेशन कैम्प भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिकाधिक बालिकाओं को इसका लाभ मिल सके।

### जेके सीमेंट में रक्तदान शिविर का आयोजन



पन्ना 27 मार्च। जेके सीमेंट, पन्ना द्वारा एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन कंपनी के एचआर हेड अविनेश गौतम द्वारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें जेके सीमेंट के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय पन्ना जिला अस्पताल की टीम द्वारा किया गया, जबकि रक्त संग्रहण का कार्य रेड क्रॉस सोसाइटी, पन्ना की टीम द्वारा किया गया। उनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जेके सीमेंट प्रबंधन ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया।

## ई-दक्ष केन्द्र में दो दिवसीय सूचना का अधिकार प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना,27 मार्च। कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र पन्ना में गुरूवार को दो दिवसीय सूचना का अधिकार अधिनियम विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।**




इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारी ने सक्रिय सहभागिता की। वरिष्ठ प्रशिक्षक वैभव सोनी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. भोलानाथ जायसवाल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम के महत्व एवं आवश्यकता, एक्ट की विस्तृत जानकारी एवं मुख्य प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही लोक सूचना अधिकारियों के लिए आवश्यक सावधानियों एवं दायित्वों को विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण सत्र के अंतर्गत प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया, जिससे उन्हें व्यावहारिक स्तर पर अधिनियम को समझने में सहायता मिली।

प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए उत्कृष्ट फीडबैक दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करने में आरटीआई की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया तथा अधिकारियों से अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा व्यक्त की। ई-दक्ष केन्द्र पन्ना द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे शासकीय सेवाओं में पारदर्शिता एवं दक्षता को बढ़ावा मिल सके।

## अदिति ने 91 प्रतिशत अंकों से विकासखंड में किया टॉप

**नवभारत न्यूज**

**अजयगढ़/पन्ना 27 मार्च। जिले के अजयगढ़ विकासखंड के अंतर्गत किशनपुर में संचालित एक्सिस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल ने कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है।**



स्कूल की होनहार छात्रा अदिति त्रिपाठी ने 91.833 प्रतिशत अंकों के साथ न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि पूरे विकासखंड में अंग्रेजी माध्यम की परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। विक्रांत सिंह लोध ने 550 अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा छात्रा राधिका गुप्ता ने 549 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य ने छात्रों की वास्तविक मेहनत की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधन ने सफल छात्रों को सम्मानित करने के लिए विशेष समारोह आयोजित करने की घोषणा की है।

## फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 30 से 4 अप्रैल तक

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना,27 मार्च। जनगणना 2027 के लिए पन्ना जिले में 44 फील्ड ट्रेनर्स नामांकित किए गए हैं। इनके द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को आगामी अप्रैल माह में तहसील एवं नगरीय निकाय चार्जवार प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।**

इसके पहले दो बैच में फील्ड ट्रेनर्स का तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण 30 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। सहायक प्राध्यापक एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. बी.एन. जायसवाल द्वारा बैच क्रमांक 1 में 30 एवं 31 मार्च तथा एक अप्रैल को सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसी तरह 2 से 4 अप्रैल तक बैच क्रमांक 2 में शामिल फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे द्वारा प्राध्यापक डॉ. जे.के वर्मा को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त कर प्रशिक्षण की निगरानी का दायित्व सौंपा गया है। फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने में लापरवाही बरतने की स्थिति में कलेक्टर प्रतिनिधि प्रतिवेदन से जिला जनगणना अधिकारी को अवगत कराएंगे।

**इन फील्ड ट्रेनर्स का होगा प्रशिक्षण:-** बैच क्रमांक 1 में फील्ड ट्रेनर बनाए गए सहायक प्राध्यापक जे.पी. अहिरवार, अरविल कुजूर, दिनेश कुमार यादव, डॉ. डी.पी. कुशवाहा, डॉ. आनंद चैरसिया, डॉ. नंदकुमार पटेल एवं डॉ. नीरज शर्मा, ग्रंथपाल सुखवेन्द्र गौतम, उच्च माध्यमिक शिक्षक इन्द्रेश अवस्थी, नीलेश कुमार गुप्ता, कमलेश प्रसाद लोधी, नीरज साहू, प्रमोद कुमार गंगेले, सतेन्द्र कुमार त्रिपाठी, नवीन कुमार साहू, बालकेश त्रिपाठी, प्रशांत यादव, मनीष कुमार रेजा, हेतराम पटेल एवं अभिषेक चैरसिया तथा माध्यमिक शिक्षक रामकिशोर गर्ग एवं नीरज पाठक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जाएगा। इसी तरह बैच क्रमांक 2 में फील्ड ट्रेनर नियुक्त प्राचार्य संतोष कुमार गौतम, प्रभारी प्राचार्य नीरज कुमार तिवारी, बीएसी रघुवीर प्रसाद तिवारी, सीएसी रविन्द्र कुमार शर्मा, उच्च माध्यमिक शिक्षक नरेश कुमार पटेल, अशोक कुमार सोनी, सुरेन्द्र द्विवेदी, केशव प्रसाद पाल, राहुल चैरसिया, संतोष कुमार पयासी, शिवराम तिवारी, पारस रैकवार, धर्मेन्द्र यादव, काशीराम प्रजापति, रामनरेश सोनी, मनोज कुमार पाठक, दिलीप कुमार द्विवेदी, सुभाषचंद्र चैरसिया एवं रामशंकर दुबे तथा माध्यमिक शिक्षक अमित कुमार रेले, अखिलेश कुमार जैन एवं अनिल कुमार त्रिपाठी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

## मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में दवा माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 27 मार्च। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने ड्रग्स माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश सभी पुलिस अधीक्षकों को दिए हैं।**



मुख्य सचिव ने निर्देशित करते हुए कहा है कि ड्रग्स माफियाओं का नेटवर्क पूर्णत: समाप्त होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्रग्स का कारोबार करने वाले अपराधियों को चिन्हित करें और उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। इसके अतिरिक्त कलेक्टर्स को अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों और पक्षकारों को मिलने वाली राहत राशि का भुगतान सहजता से समय पर सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। मुख्य सचिव श्री जैन आज कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर के निर्देश पर पेट्रोल पंप पर की जांच

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 27 मार्च । कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देश पर पन्ना एसडीएम संजय कुमार नागवंशी द्वारा शहर के पेट्रोल पंपों पर जाकर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया।**




इस दौरान स्टॉक एवं पेट्रोल डीजल के सुचारू वितरण की जानकारी ली गई। साथ ही उपभोक्ताओं को किसी भी तरह के अफवाह एवं भ्रम से बचने की सलाह दी गई। इस दौरान लोगों को आश्वस्त किया गया कि नियमित रूप से ऑयल कंपनियां सप्लाई कर रही हैं। अपनी जरूरत के अनुसार ही वाहनों में डीजल पेट्रोल डलवाएं, जिससे मांग और आपूर्ति में संतुलन बना रहेगा। पंप संचालकों को भी पर्याप्त स्टॉक रखने के लिए कहा गया, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## हर सरकार सरकारी मुलाजिमों की फिक्रमंद

### चारों ओर से मारा जा रहा किसान

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना,27 मार्च । अक्सर देखा जाता है कि किसानों की फसल सब्जियां हो या अनाज मंडियो में उनको औने पोने दामों में खरीदा जाता है। दाम सही ना मिलने पर किसान सड़कों पर अपना माल फेंककर चले जाते हैं। परंतु यह कभी सुना नहीं जाता है, कि कभी पेट्रोल के दाम घट गये या सोना चांदी की आधी कीमत हो गई या फिर पूंजीपतियों के कारखानों से निकला उत्पाद की कीमत कम हो गई। सरकार कभी इस मामले पर गंभीर नहीं हो पाई है।**

चुनावी फंडा अपनाने के लिये किसानों को कभी दो उनके उत्पाद पर दो सौ रूपए बोनस देती है तो कभी सूखा के दौरान लाखों की फसल के एवज में एक दो हजार देकर करोड़ों बांटने का प्रचार प्रसार कर जनता को गुमराह करती है।

किसान भी इस मामूली राशि पाकर यह समझते हैं कि सरकार ने उनका ध्यान रखा परंतु हकीकत यह है कि उनके के उत्पाद से चलने वाले कारखानों से निकला माल सैंकड़ों रूपए प्रति किलो का बन जाता है। जिसका रिबेट कभी पूंजी पति किसानों को नहीं देते है। बल्कि उनका माल दिन व दिन बढ़ते जाता है। अगर किसानों से पांच किलो टमाटर कारखानों के संचालकों ने खरीदा है तो टमाटर कैचप पांच रूपए 1 किलो बन जाता है। किसानों से मिट्टी के मोल खरीदा गया गया कच्चा मटेरियल से निर्मित माल के लाभ से पूंजीपति करोड पति बन जाता है। किसान रोड पर आ जाता है इस ओर ना तो सरकार का ध्यान जा रहा है और ना ही सरकार के सलाहकार सचिवों का। आखिर आजाद देश में कब तक अपने ही लोगों का शोषण करते रहेंगे यह विचार करने वाली बात है। कहने को देश 21 वीं सदी में जाने की बात करता है इसमें कितनी सच्चाई है दुनिया के सामने परंतु महंगाई ने बढ़े वेतन दर को भी पछाड़ कर व्यक्ति आय को कमजोर कर दिया है।

### अठ्हत्तर वर्षों से आम आदमी बना वोट उत्पादक मशीन

राजनैतिक पार्टियां सत्ता में आने के लिये लुभावने वादे करती है। परंतु वादों को 78 का दसक बीत जाने के बात भी कभी पूरे नही हो पाये हैं। देश की जनता सिर्फ आश्वासनों के सहारे सरकारे बदलती रही है। सरकारे तो बदलती रही परंतु देश के आम नागरिको की तकदीरे और तस्वीरे बदलने लगभग सभी सरकारे विफल ही रही है। भ्रष्ट तंत्र इतना हावी है की पढ़े लिखे स्वस्थ्य लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है और अंधे बहरों के लिये नौकरियां निकल रही है। देश का पढ़ा लिखा स्वस्थ्य युवा बेरोजगारी से लड़ता रहेगा और उसका परिवार भूखा मरते रहेगा इसकी परवाह सरकार को नहीं है। आम आदमी सिर्फ सरकार बनाने के लिये वोट उत्पाद करने की मशीन बन चुका है। हम वर्षो पहले अंग्रेजों के गुलाम थे आज अपने ही सिस्टम के के गुलाम है। देश का आधे से ज्यादा पैसा सवा सौ करोड जनता में से मात्रा दस से पंद्रह लोगों के पास है। जातिवाद पर कब तक सरकार जनता को मदारी की तरह नचाते रहेंगी। जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने का सिलसिला कितने साल तक चलता रहेगा। सरकार को जवाब देही तय करने की जरूरत है। कानून बनाये जा रहे है परंतु उन कानूनों का पालन कितना हो रहा है। सरकारे उच्चतम न्यायालय जैसे कानूनों को अपने स्वार्थ के लिये ठेंगा दिखा रही है। जनता अन्याय सहती रही परंतु सरकार उनकी ही हर बार बनती रहें यह सरकारी की प्रमुखता में शामिल है।